# 56 पुलिस अफसरों-कर्मचारियों को अवॉर्ड

## देशभक्ति-जनसेवा के सूत्रवाक्य को किया सार्थक : डीजीपी कैलाश मकवाणा

**भोपाल, 29 अक्टूबर. डीजीपी कैलाश मकवाणा ने बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 56 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र और डिस्क देकर सम्मानित किया.**

प्रदेश में कानून व्यवस्था को बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया. पुलिस मुख्यालय के पुलिस ऑफिसर्स मेस में डायरेक्टर जनरल्स कमंडेशन रोल (डीजीसीआर) अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में डीजीपी मकवाणा ने कहा कि मप्र पुलिस विभाग ने अपनी स्थापना से अब तक की गौरवमयी यात्रा में प्रदेश



में कानून व व्यवस्था, शांति, आपसी प्रेम, भाईचारे की परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने में अविस्मरणीय योगदान दिया है. पुलिस को इस मुकाम तक पहुंचाने में एक से बढ़कर एक जांबाज अधिकारियों एवं कर्मचारी की अहम भूमिका रही है. उन्होंने कहा कि हमारे पुलिसकर्मियों ने कर्तव्य पथ पर अडिग रहते हर प्रकार की चुनौतियों से लोहा लेते हुए अपराध पर नियंत्रण एवं नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में समर्पित भाव से जनसेवा की मिसाल कायम की है. प्रदेश में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी देशभक्ति-जनसेवा के

> उन्होंने कहा कि वर्ष 2002 से अभी तक 971 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं डिस्क प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका है. इस कार्यक्रम में सम्मानित 56 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के अतिरिक्त भी कई ऐसे पुलिसकर्मी हैं, जिन्होंने उत्कृष्ट कार्य किए हैं. मेरा सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों को चिन्हित कर अपनी-अपनी इकाई में पुरस्कृत किया जाए. डीजीपी ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस विभाग सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने व कार्य वातावरण सुधारने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

सूत्रवाक्य को अपनाते हुए तत्परता से कार्य कर रहे हैं.

मकवाणा ने कहा कि पुलिस सदैव अपना कर्तव्य निभाने के लिए चुनौतियों के बीच कार्य करने के लिए तत्पर रहती है. ऐसे में अच्छा कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन कर उन्हें सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया जाना अत्यंत आवश्यक है. इस पुरस्कार को पाने वाले पुलिसकर्मीयों ने उत्कृष्टता की मिसाल पेश की है. प्रदेश के सभी पुलिसकर्मीयों को इनसे प्रेरणा लेना चाहिए.

# महिला डीएसपी पर चोरी का आरोप, नोटिस जारी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 29 अक्टूबर. पीएचक्यू में पदस्थ एक महिला डीएसपी पर चोरी के मामले का सीसीटीवी फुटेज बुधवार को सामने आया. जहांगीराबाद पुलिस ने इस चोरी की घटना की शिकायत 24 सितबंर को दर्ज किया था.**

आरोपी महिला डीएसपी कल्पना रघुवंशी को लेकर जानकारी सामने आई है कि वह अभी फरार चल रही है. डीएसपी कल्पना पर यह आरोप उनकी सहेली और फरियादी महिला प्रवीण उर्फ प्रमिला तिवारी ने लगाया है. पीएचक्यू ने भी मामले में नोटिस जारी किया है. कल्पना का अपनी सहेली प्रमिला के जहांगीरबाद स्थित गल्ला मंडी आवास पर आना-जाना बहुत पहले से होता था. प्रमिला ने पुलिस को बयान दिया है कि घटना के दिन वह और उनकी बेटी घर में ही थी. इस दौरान कल्पना भी वहां आ गई.

प्रमिला को नहाने जाना था, तो वह मोबाइल चार्जिंग पर लगा कर बाथरूम चली गई. प्रमिला जब बाथरूम में थी, तभी मेन दरवाजा खुलने की आहट उन्हें लगी. प्रमिला को लगा कि कल्पना घर में ही है, अगर कोई आया होगा तो वह जानकारी दे दी होगी. प्रमिला जब नहा कर बाहर आई, तब तक कल्पना जा चुकी थी. प्रमिला ने थोड़ी देर बाद फोन की जरूरत समझी और फोन को चार्जिंग से निकालने गई, तब उनका फोन वहां नहीं था.

## एम्स के डॉक्टरों पर पुलिस से बदसलूकी का आरोप

**भोपाल.** एम्स के चार डाक्टरों पर पुलिस से बदसलूकी करने का आरोप लगा है. मामले की जानकारी सामने आने पर अब एम्स प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी है. प्रबंधन यह पता लगा रहा है कि जिन डाक्टरों पर यह आरोप है, वह एम्स से जुड़े हैं या नहीं. घटना का एक कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें अस्पताल के इमरजेंसी गेट के सामने डॉक्टरों एक कार की छत पर बीयर की बोतलें रखते हुए शराब पार्टी करते नजर आ रहे हैं. मामले की सूचना किसी शख्स ने बागसेवनियां थाना पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने जब डाक्टरों को ऐसा करने से रोका तो एक डाक्टर ने पुलिसकर्मियों को अपशब्द कहते हुए झूमाझटकी शुरू कर दी.

# त्योहारों के बाद चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनें संचालित

## नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर में भी होगा ठहराव

**भोपाल,29 अक्टूबर . रेल प्रशासन द्वारा त्योहारी सीजन के बाद यात्रियों की वापसी हेतु अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं. ये सभी ट्रेनें पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल से होकर संचालित होंगी.**

इनमें रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति, रीवा-रानी कमलापति-रीवा तथा गुना होकर दो जोड़ी सोगरिया-दानापुर-सोगरिया के बीच स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं. रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक स्पेशल (वाया नर्मदापुरम-इटारसी) गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर



स्पेशल ट्रेन आगामी 11 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को दोपहर 14:25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर पहुंचेगी. वापसी में 01668 दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल आगामी 12 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को सुबह 11:00 बजे दानापुर से चलकर अगले दिन 08:55 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी. ठहरावः नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा. रीवा-रानी कमलापति-रीवा साप्ताहिक स्पेशल (वाया बीना-विदिशा) गाड़ी संख्या 02192 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल 01 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक शनिवार को दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात 21:15 बजे रानी कमलापति पहुँचेगी. वापसी में 02191 रानी कमलापति-रीवा स्पेशल उसी दिन रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:20 बजे रीवा पहुंचेगी.

### रेल कर्मचारियों की पुत्रियों के लिए प्रोत्साहन की पहल

**भोपाल.** पश्चिम मध्य रेल, केन्द्रीय कर्मचारी हित निधि समिति द्वारा अराजपत्रित रेलकर्मियों की मेधावी पुत्रियों को प्रोत्साहित करने की अभिनव पहल की गई है. समिति ने भोपाल मंडल में कार्यरत उन कर्मचारियों की पुत्रियों को लैपटॉप प्रदान करने का निर्णय लिया है, जिनका ग्रेड पे 2800 तक है और जिन्होंने वर्ष 2025-26 में एमबीबीएस, बीडीएस, बीवीएससी, आईआईटी, एनआईटी या ट्रिपलआईटी के चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया है.

# कांग्रेस प्रवक्ता ने की भाजपा विधायक के बयान की निंदा

विशेष संवाददाता

**भोपाल. वरिष्ठ कांग्रेस प्रवक्ता रवि सक्सेना ने भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा के हालिया बयान की कड़ी निंदा की है. उन्होंने कहा कि इस तरह के गैर जिम्मेदाराना और निराधार बयान उनकी अपनी सरकार की अक्षम्यता और नाकामी को उजागर करते हैं.**

सक्सेना ने कहा कि वार्षिक इस्तिमा में भाग लेने वाले सभी लोगों की पूरी जानकारी पहले से ही सरकार के पास होती है. उन्होंने सवाल उठाया, अगर किसी तरह की सुरक्षा आशंका है, तो सरकार का खुफिया तंत्र क्या कर रहा है? उन्होंने आरोप लगाया कि शर्मा का यह बयान भय और अविश्वास



फैलाने की सुनियोजित कोशिश है, जिसका उद्देश्य सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ना है. सक्सेना ने कहा कि भोपाल में इस्तिमा का आयोजन वर्षों से पूरी शांति और सौहार्द के वातावरण में होता आ रहा है, जहां श्रद्धालु प्रेम, दुआ और इबादत की भावना से एकत्र होते

## ट्रेनर फ्रेटरनिटी की तीसरी बैठक आयोजित

**भोपाल.** सेंट्रल इंडिया की पहली ट्रेनर फ्रेटरनिटी की तीसरी बैठक आयोजित हुई. इस बैठक में भोपाल ट्रेनर्स फोरम के ट्रेनर्स ने जाना कि कैसे लिंक्डइन का सही उपयोग कर वे भोपाल में बैठकर भी अपने बिजनेस को बोस्टन तक पहुंचा सकते हैं. इस बैठक में आईटी, साइबर, बैंकिंग, फाइनेंस, इंश्योरेंस, एजुकेशन, एड-टेक, इंजीनियरिंग और लाइफ कोचिंग जैसे अलग-अलग क्षेत्रों के लगभग 30 ट्रेनर्स शामिल हुए. इस बार का सत्र दिवाली मिलन के साथ लिंक्डइन से पर्सनल ब्रांडिंग और नेटवर्क बिल्डिंग विषय पर केंद्रित रहा. यहां बताया कि कैसे प्रोफेशनल्स लिंक्डइन के जरिए अपने क्लाइंट बेस को बढ़ा सकते हैं और ग्लोबल लेवल पर खुद को स्थापित कर सकते हैं.

# घायल नर्स की इलाज के दौरान मौत

## आरोपी मोबाइल और पर्स लेकर फरार

**भोपाल . 25 वर्षीय नर्स वर्षा लोधी की इलाज के दौरान बुधवार सुबह हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई. हादसा रविवार को विदिशा में उस समय हुआ था, जब वह अपने पति के साथ मायके से ससुराल जा रही थी. वर्षा की शादी को सिर्फ 6 महीने ही हुए थे.**

जानकारी के मुताबिक, उनके पति राज बाइक चला रहे थे. इसी दौरान पीछे से एक लोडिंग पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी. इस टक्कर में वर्षा गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि उनके पति को मामूली चोट आई.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद वही वाहन चालक जिसने बाइक को टक्कर मारी थ. वर्षा का मोबाइल और हैंडबैग लेकर मौके से फरार हो गया. बैग में 5000 से अधिक नकद और ज्वैलरी रखी हुई थी. परिजनों ने बताया कि वर्षा का मोबाइल अब तक नहीं मिला है और पुलिस विदिशा देहात थाना में मामला दर्ज कर जांच कर रही है. हादसे के पीछे की वजह को लेकर एक चश्मदीद ने बताया कि जिस वाहन ने टक्कर मारी, उसका चालक नींद में था. पीछे चल रहे वाहन चालक ने इस पूरे हादसे का वीडियो भी बनाया.

### पहले भी हुआ था हादसा

परिजनों ने बताया कि वर्षा के साथ यह दूसरा बड़ा हादसा था. शादी के बाद जब पति पहली बार उसे मायके से ससुराल लेकर जा रहे थे, तब भी उनकी बाइक सड़क दुर्घटना का शिकार हुई थी. उस समय वर्षा के पैर में फ्रैक्चर हुआ था और सिर में भी चोट आई थी. लेकिन इस बार किस्मत ने साथ नहीं दिया और छह महीने बाद दूसरा हादसा उनकी जान ले गया.

# 4 लाख 33 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर किए स्थापित

**भोपाल सहित कंपनी कार्यक्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए गए**

**भोपाल 29 अक्टूबर. केन्द्र सरकार की रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम ( आरडीएसएस ) योजना के अंतर्गत मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का काम त्वरित गति से चल रहा है।**

जहां जहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां पर समय पर बिलिंग तथा रीडिंग हो रही है तथा दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट भी मिलनी शुरू हो गई है। अब तक कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में अब तक 04 लाख, 33 हजार 934 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें सर्वाधिक भोपाल शहर वृत्त में 01 लाख, 62 हजार 320 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं, सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में सुधार हो रहा है। स्मार्ट मीटर लगाने का काम समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कंपनी की टीमें लगातार कार्य में जुटी हुई हैं।

# एमपी पुलिस का राष्ट्रीय एकता दिवस आज

## सभी जिलों में एकता दौड़ का आयोजन

**भोपाल, 29 अक्टूबर. भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर गुरूवार को पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा. इस उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा राज्य के सभी जिलों और थाना स्तर पर एकता दौड़ ( रन फार यूनिटी ) का आयोजन किया जाएगा.**

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने इस संबंध में सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे आयोजित किया जाए. कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समरसता का संदेश जन-जन तक पहुँचाना है.

एकता दौड़ में युवा, खिलाड़ी, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, विद्यालय और महाविद्यालयों के विद्यार्थी, एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स, सृजन समूह की बालिकाएँ, अभिमन्यु सामुदायिक पुलिस के बालक, पुलिस कर्मी और विसबल वाहिनियों के पुलिस कर्मी भाग लेंगे. दौड़ का मार्ग लगभग 3 किलोमीटर का होगा और निर्धारित रूट को नो-व्हीकल जोन घोषित किया जाए.

> उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर पानी, ग्लूकोज़, फर्स्ट एड बॉक्स तथा एम्बुलेंस जैसी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएं। कार्यक्रम की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई जाए. प्रारंभिक और समापन स्थल पर राष्ट्रीय एकता दिवस से संबंधित पोस्टर, बैनर और हॉर्डिंग्स लगाए जाएं. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय में रहकर कार्यक्रम में भाग लेंगे. उन्होंने इस कार्यक्रम के सम्पन्न होने के उपरांत इसके फोटो एवं वीडियो जिला पुलिस अधीक्षक के स्तर से सोशल मीडिया पर वृहद प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए.

# नया बिजली कनेक्शन लेना आसान

## ऑनलाइन आवेदन पर केवल 5 रुपये में उपलब्ध

**भोपाल, 29 अक्टूबर. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं को सरल और सुविधाजनक प्रक्रिया के माध्यम से मात्र 5 रुपये में नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने की पहल की है।**

इसके अंतर्गत ग्रामीण घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं के साथ-साथ शहरी क्षेत्र के बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ता भी लाभान्वित हो रहे हैं. कंपनी द्वारा बताया गया है कि सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते ही पात्र उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि में घर बैठे नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक कंपनी कार्यक्षेत्र में 44,709 ग्रामीण घरेलू कनेक्शन, 65,539 सिंचाई पंप कनेक्शन और 22,106 शहरी बीपीएल घरेलू कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि उपभोक्ता पोर्टल या यूपे एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सभी औपचारिकताएँ पूर्ण करने के बाद मात्र 5 रुपये का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। आवेदन और भुगतान प्रक्रिया पूरी होने पर कंपनी द्वारा सर्वे एवं अन्य औपचारिकताएं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर उपभोक्ता के परिसर में नया कनेक्शन मिल जाता है।

# 5 कमर्शियल और एक घरेलू सिलेंडर बरामद

**टीटी नगर पुलिस ने आरोपी को गिया गिरफ्तार**

**भोपाल, 29 अक्टूबर. टी टी नगर थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा किया.**

बघेलखंड भवन के गोदाम से 6 गैस सिलेंडर, जिसमें 5 कमर्शियल और एक घरेलू सिलेण्डर के साथ ही एक तेल का डिब्बा, दो गैस भट्टी कुल मशरूका लगभग 40 हजार रूपये का बरामद किया गया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को फरियादी डी.आर. (67) निवासी सोमिया इन्क्लेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई. फरियादी ने बताया कि



मंगलवार को चौकीदार ने उन्हें मोबाइल फोन पर बताया कि बघेलखंड भवन के गोदाम का ताला टूटा हुआ है. फरियादी मौके पर पहुंचे और सामानों की जांच की. सामान चोरी के मामले की उन्होंने तुरंत ही पुलिस में शिकायत की.

पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक व्यक्ति चोरी का सामान, जिसमें गैस भट्टी सहित सामान बेंचने की फिराक में खड़ा था. पुलिस के पहुंचने आरोपी मौके से फरार होने लगे, जिसे पकड़ा गया. आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में अपना नाम मनस्वी गव्हाडे उर्फ अक्की उर्फ चाकलेट (21) निवासी तुलसी नगर का बताया.




# ग्रामीण स्वच्छता परिसरों का बेहतर संचालन

**गठित दल ने किया ग्राम पंचायतों का भ्रमण**

**भोपाल, 29 अक्टूबर. स्वच्छ भारत मिशन ( ग्रामीण ) अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित किए जा रहे हैं.**

स्वच्छता परिसरों का बेहतर संचालन के लिए एस पी ए (स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर) के प्रोफेशनल दल ने सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का आंकलन के लिए 5 दलों गठित किए गए है. यह दल जिले की ग्राम करौंदिया, गुनगा, ईंटखेड़ी सड़क, फंदाकलां, खजुरी सड़क, हर्राखेड़ा एवं तरावलीकलां ग्रामों का भ्रमण कर सामुदायिक स्वच्छता परिसरों के बेहतर उपयोग एवं संचालन संधारण के उद्देश्य से किया गया जिससे ग्रामीणों तक स्वच्छता की पहुंच विकसित हो.

राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से गजेंद्र मौर्य, उपयंत्री एवं एसपीए संस्था से अपर्णा वर्मा, प्रेरणा वर्डे, सिद्धार्थ, प्राची सुले साथ ही ब्लॉक समन्वयक एवं संस्था के अन्य दल के सदस्य उपस्थित रहे.

**जागरुकता** | नगरीय पुलिस भोपाल साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम

# नूतन कॉलेज के विद्यार्थियों को किया जागरूक




**भोपाल, 29 अक्टूबर. नगरीय पुलिस आम जनता में साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूकता चला रही है. जानकारी सजकता के लिए शैक्षणिक संस्थानों, विश्व विद्यालय, महा विद्यालय, बड़े-बड़े संस्थानों में पुलिस पहुंचकर साइबर अपराधों से बचने के उपाय बता रही है.**

क्या करना है, क्या नहीं करना है इस बारे में नूतन कन्या मां उच्चतर महाविद्यालय शिवाजी नगर में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ. प्रधान आरक्षक आशीष कुमार श्रीवास (महिला थाना), बीएस कॉलेज के साइबर वारियर साइबर पुलिस मुख्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों ने गरिमा पूर्ण कार्यक्रम संपन्न कराया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप निरीक्षक साइबर हेड क्वार्टर अंशुल सिसोदिया उपस्थित रहे. इसमें राज्य सायबर कार्यालय से उप निरीक्षक अंशुल सिसोदिया डीसीपी कार्यालय से सहायक उप निरीक्षक रामबरन सिंह स्कूल महाविद्यालय के डॉ सीमा हार्डियाकर महोदय स्कूल का समस्त स्टाफ सहित 300 प्रतिभागी उपस्थित रहे.

> वर्तमान में सोशल मीडिया के दुरूपयोग से बच्चों पर हो रहे लैंगिक शोषण के बढते मामलों से प्रतिभागियों को अवगत कराया और इससे बचाव एवं रिर्पोटिंग हेतु तय मैकेनिज्म के बारे में बताया गया. बच्चों द्वारा किए जा रहे अपराधों पर बात कि और सभी बच्चों को बुलिंग, आपसी हिंसा न करने हेतु समझाईश दी गई . अंत में कुछ खास नंबर बच्चों को दिए जिसमें 1930 राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर और 947 9990636 भोपाल साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया गया. इसके साथ ही बताया गया कि यदि किसी का मोबाइल खो जाता है सीईआईआर पर कंप्लेंट कर सकते हैं यह भी जागरूकता का खास पॉइंट रहा है.

## रातीबड़ में 2 स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**भोपाल.** रातीबड़ थाना पुलिस ने 2 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया है. एक आरोपी को करीब 6 वर्ष पुराने चोरी के प्रकरण में और दूसरे को एक साल पुराने चेक बाउंस के प्रकरण में कोर्ट ने उनके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया था.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोर्ट ने चेक बाउंस और चोरी के प्रकरण मे फरार आरोपी अनिल मारण और दीप सिह राजपूत के खिलाफ स्थाई वारंट जारी किए थे. तकनीकी संसाधनो के उपयोग से पुलिस को वारंटियों की लोकेशन मिलने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया.